तापमान

अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 मां शाकंभरी देवी प्रकृति, अन्न और जीवन की हैं ..



12 कलेक्टर ने किया सरायपाली में सीमावर्ती ...



## खबर संक्षेप

### पान दुकान से शराब बरामद, नाबालिग समेत दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पान दुकान से बागबाहरा पुलिस ने शराब बरामद कर नाबालिग समेत दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि सतबीर दुआ खोपली स्थित अपने पान दुकान अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखा हुआ है। पुलिस जब उक्त स्थल पर पहुंची तो वहां एक नाबालिग लड़का मिला। तलाशी के दौरान दुकान से पुलिस ने देशी प्लेन शराब 16 नग तथा 05 नग आईकोल अंग्रेजी शराब कुल कीमत 1880 रुपए तथा बिक्री रकम 2000 रुपए कुल 3880 रुपए को जब्त किया। पूछताछ में नाबालिग लड़के ने बताया कि सतबीर सिंह दुआ द्वारा उसे शराब बिक्री करने के लिए दुकान में बिठाया गया है। मामले में पुलिस ने धारा 34(1)आबकारी एक्ट 95 बीएनएस, 78 जेजे एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**महासमुंद।** साल्हेतराई के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पृथ्वी राज भोई पिता सुकलांबर भोई (38 साल) पाईकपारा 2 जनवरी को अपने मो. सा. क्रमांक सीजी 06 जीबी 4725 से घरेलू कार्य से सांकरा गया था, सांकरा से वापस अपने ग्राम पाईकपारा थाना बलौदा आ रहा था। जब एनएच 53 मेन रोड साल्हेतराई के पास पहुंचा था तभी किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पृथ्वीराज के मोटर साइकिल को एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उपचार हेतु बसना अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने खेमडा से रेमड़ा जाने का मार्ग पर एक युवक के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी दुर्गेश कुर्रे पिता सुशील कुर्रे (19 साल) निवासी सावित्रीपुर के कब्जे से कुल 20 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 4000 रुपए व घटना में प्रयुक्त जुपिटर स्कूटी बिना नंबर कीमत करीबन 65,000 रुपए कुल 69,000 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### युवक के साथ मारपीट, तीन के खिलाफ जुर्म

**महासमुंद।** एक युवक के साथ मारपीट के मामले में तीन लोगों के खिलाफ सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। सरायपाली पुलिस ने बताया कि 05 जनवरी की शाम करीब 7:30 बजे गांव के किशन वरगे, समीर भोई, साहिल साहू गांड़ापारा चौक के पास आये और फुटबाल खेलने के दौरान धक्का मुक्की की बात को लेकर अजय हंसा के साथ मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# बड़े बकायादारों पर गिरी गाज, काटे गए 75 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बिजली विभाग द्वारा बड़े बकायादारों पर लगातार कार्रवाई जारी है। जिले में बिजली बिल की बकाया राशि की वसूली को लेकर विद्युत विभाग द्वारा सख्त कदम उठाते हुए अधीक्षण अभियंता महासमुंद (वृत्त) वायके मनहर के निर्देशन में गठित टीम द्वारा राजस्व वसूली अभियान चलाते हुए बिरकोनी वितरण केंद्र अंतर्गत बकायादार उपभोक्ताओं की सामूहिक रूप से बिजली लाइन विच्छेदन की कार्रवाई की गई। इस अभियान का नेतृत्व महासमुंद संभाग के कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा द्वारा किया गया। 06 जनवरी को की गई कार्रवाई में बिरकोनी वितरण केंद्र क्षेत्र के कुल 75 उपभोक्ताओं की बिजली लाइन काटी गई, जिन पर कुल बकाया राशि 37 लाख 73 हजार 366 रुपये थी।

## जिले में बिजली बिल की बकाया राशि की वसूली को लेकर विद्युत विभाग हुआ सख्त

### इन उपभोक्ताओं की लाईन काटी गई

लाइन विच्छेदन की कार्रवाई जिन प्रमुख उपभोक्ताओं पर की गई, उनमें इंद्रमन विश्वकर्मा, बिसौहा चंद्राकर (बिरकोनी), लोकनाथ साहू (खट्टीडीह), मेघनाथ साहू, संतोष यादव, गोविंदराम (कांपा), दीपक बघेल, सेवाराम मानिकपुरी (बेलसोंडा) सहित अन्य उपभोक्ता शामिल हैं।



### 17 उपभोक्ताओं से हुई सवा 6 लाख की वसूली

कार्रवाई के पश्चात 17 उपभोक्ताओं द्वारा तत्काल कुल 6 लाख 14 हजार 678 रुपये की राशि जमा कराई गई। विद्युत विभाग ने बताया कि राजस्व वसूली की यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### अनधिकृत लाईन जोड़ने पर भी होगी कार्रवाई

विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन उपभोक्ताओं की बिजली लाइन विच्छेदित की गई है, यदि उनके द्वारा अनधिकृत रूप से लाइन जोड़ी जाती है, तो उनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए अपने बकाया बिजली बिल का समय पर मासिक भुगतान सुनिश्चित करें।

## गुहार: शहर के वार्ड 29 में संचालित राशन दुकान में चल रही मनमानी

# दो माह से नहीं मिला गरीबों को राशन कलेक्टोरेट पहुंचकर की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के वार्ड क्रमांक 29 में संचालित उचित मूल्य की दुकान गौरा गौरी खाद्य सुरक्षा, पोषण उपभोक्ता सहकारी समिति के सेल्समैन द्वारा दो माह का चावल उपभोक्ताओं को वितरण नहीं किया गया। इससे परेशान वार्डवासियों ने कलेक्टर जन चौपाल में प्रशासन के सामने लिखित शिकायत दी। उपभोक्ताओं शांति बाई, उमा साहू, भेखलाल साहू, राम नारायण साहू, रूकमणी कन्नौजे, बुन्दा बाई, गायत्री बाई, डेरहीन बाई, अरुण साहू आदि ने बताया कि सेल्समैन गोलमोल जवाब देकर उन्हें वापस कर देता है। दुकान समय पर नहीं खुलती है और कई बार दुकान बंद रहती है। उन्होंने बताया कि उक्त संचालक पर पहले भी चावल के हेरा-फेरी करने का मामला जांच में सही पाया गया था। वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि उस दुकान के संचालक को तत्काल हटाकर किसी अन्य सक्षम समिति को दुकान का आबंटन किया जाए, ताकि गरीब और जरूरतमंद हितग्राहियों को समय पर राशन मिल सके। मामले में जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने कहा है कि मामले में शिकायत मिली है, जिसकी जांच कराकर उपभोक्ताओं को चावल मुहैय्या कराया जाएगा।



### वार्डवासियों की मांग,तत्काल हटाई जाए समिति

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में प्रभावित नागरिकों ने मांग की है कि दुकान क्रमांक 581001021 की जांच कर तत्काल कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए। वर्तमान संचालक और समिति को हटाकर दुकान का संचालन किसी अन्य जिम्मेदार समिति को सौंपा जाए। रुके हुए राशन का अविलंब वितरण सुनिश्चित कराया जाए ताकि गरीब परिवारों को भूखा न रहना पड़े। पीड़ित राकेश साहू ने बताया है कि हम रोज दुकान के चक्कर काटते हैं, लेकिन सेल्समैन कभी मिलता नहीं और मिलता भी है तो नशे में रहता है। हमारे हक का चावल कहां जा रहा है, इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

### नशे में रहता है सेल्समैन, पूर्व में भी दर्ज है गबन का केस

शिकायत में सबसे चौंकाने वाला तथ्य सेल्समैन के व्यवहार को लेकर सामने आया है। नागरिकों का आरोप है कि सेल्समैन प्रायः नशे की हालत में रहता है, जिससे वह हितग्राहियों से दुर्व्यवहार करता है। इसके साथ ही यह बात भी उजागर हुई है कि उक्त दुकान संचालक के विरुद्ध पूर्व में भी चावल गबन के मामले में पुलिस केस दर्ज हो चुका है।

# एप डाउनलोड कराकर बैंक खाते से ढाई लाख रुपए का ऑनलाइन फ्रॉड

**महासमुंद।** प्ले स्टोर से एप डाउनलोड कराकर एक व्यक्ति से करीबन ढाई लाख रुपए के ऑनलाइन फ्रॉड के मामले में तुमगांव थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

तुमगांव थाने में दिए गए आवेदन में दिनेश कुमार ठाकुर पिता लोभाराम ठाकुर (44 साल) निवासी बिजरापाली थाना तेंदूकोना वर्तमान निवास तुमगांव ने पुलिस को बताया कि जनवरी को उसने अपनी कार के लिए ऑनलाइन बीओओडीएमओ कंपनी से 04 नग व्हील रीम आर्डर किया था, जिसके लिए उसने 4060 रुपए योनो एसबीआई से पेंमेंट किया था, लेकिन आर्डर नहीं दिखाया। तब उसने रकम को रिफंड के लिए गूगल से उक्त कंपनी का कस्टमर केयर नंबर निकालकर फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिसने पैसा रिफंड के लिए उसे प्ले स्टोर से हेल्पडेस्ट होस्ट एप्लीकेशन डाउनलोड करने कहा। जिसे डाउनलोड कर उसने जो प्रोसेस करने कहा, उसने वह किया। इसके बाद रात 12 बजे मोबाईल हैक हो गया। दूसरे दिन 04 जनवरी को 11.29 बजे उसके बैंक खाते से अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा लगातार 35,999 रुपए, 99,999 रुपए, 14,000 रुपए, 90,000 रुपए, 9990 रुपए कुल 2,49,988 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली गई। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के विरूद्ध धारा 318(4) बीएनएस, 66(डी) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# रोजगार की नई गारंटी: 125 दिन काम, साप्ताहिक भुगतान से विकसित भारत को मिलेगा आधार: शिव रतन शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक अहम कदम उठाया है। मोदी सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात वीबी जी राम जी विधेयक पारित किया गया है। इस योजना की जानकारी देने के लिए भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए इसके प्रमुख प्रावधानों पर प्रकाश डाला।

पत्रकार वार्ता में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, महामंत्री पूनम चंद्राकर, भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे। शर्मा ने बताया कि इस नई योजना के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी जाएगी, जबकि वन क्षेत्रों में यह सीमा बढ़ाकर 150 दिन कर दी गई है। उन्होंने कहा कि यह कानून महात्मा गांधी की सोच के अनुरूप रामराज्य की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

उन्होंने बताया कि जहां मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी का भुगतान 15 दिनों के भीतर किया जाता है, वहीं इस नई योजना में हर सप्ताह भुगतान सुनिश्चित किया गया है। इससे मजदूरों को समय पर आय प्राप्त होगी और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। साथ ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जीपीएस और रियल-टाइम डेटा मॉनिटरिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बुआई और कटाई के समय 60 दिनों का अवकाश रखा गया है, ताकि कृषि कार्यों के दौरान मजदूरों की कमी न हो। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले योजनाओं के नाम एक ही परिवार से जोड़े जाते थे, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजनाओं को सेवा और जनकल्याण से जोड़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2011 में ग्रामीण गरीबी दर 25.7 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 4.86 प्रतिशत रह गई है। यह नया कानून वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार स्तंभ सिद्ध होगा।

### भाजपा के 3 कार्यकाल पर कुछ खास जवाब नहीं मिला

योजना के विधेयक के बारे में जानकारी देने के दौरान शर्मा ने मनरेगा में मापदंड की अनदेखी और खुल कर होने वाले भ्रष्टाचार का जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के वे आंकड़े भी पेश किए जिसके आधार पर कई राज्यों में मनरेगा को बंद किया गया। लेकिन, कांग्रेसियों पर निशाना साधने के फेर में वे छत्तीसगढ़ के 3 साल के भाजपाई कार्यकाल में मॉनिटरिंग की कमी के प्रश्न पर कुछ खास मजबूत उत्तर नहीं दे पाए।




# स्कूटी से गांजा का अवैध परिवहन, दो लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्कूटी से गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो लोगों को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 5 लाख 25हजार रुपए का करीबन साढ़े 10 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस द्वारा पलसापाली बैरियर में वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक स्कूटी जुपिटर सीजी 04 क्यूएफ. 1738 में दो व्यक्ति बीच में एक बोरी रखे आये, जिन्हें पुलिस ने रोका लेकिन वे भागने का प्रयास करने लगे। घेराबंदी कर उक्त लोगों को रोका गया और पुलिस को देख कर हड़बड़ाने का कारण पूछने पर स्कूटी चालक व पीछे बैठे व्यक्ति संयुक्त रूप से बोरी में गांजा रखना बताया।



संदेहियों से पूछताछ करने पर स्कूटी चालक द्वारा अपना नाम हेमराज ठाकुर पिता सुदन सिंह ठाकुर (18 साल) महादेव घाट शिव पार्क कालोनी सांकरा पाटन थाना अमलेश्वर जिला दुर्ग व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रौनिक बघेल पिता देवेंद्र बघेल (24 साल) सिविल लाईन नहर किनारे श्यामनगर तेलीबांधा थाना तेलीबांधा जिला रायपुर का होना बताया। आरोपियों के कब्जे से 10 किलो 450 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 5 लाख 25 हजार तथा स्कूटी जुपिटर वाहन 45000 रुपए कुल 5,70,000 को जब्त कर आरोपियों विरूद्ध धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों की मासिक बैठक आज

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 7 जनवरी बुधवार को 12 बजे से रखी गई है जिसमें जन्मदिवस वालों को बधाई एवं नये सदस्यों का सम्मान तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। यह जानकारी अध्यक्ष भगवानीराम शांडिल्य एवं सचिव शत्रुहनलाल साहू ने दी है।

### मड़ेली में रामकथा 9 से

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मड़ेली में दिव्य रामकथा का आयोजन 9 से 11 जनवरी तक दोपहर 2 से किया गया है। कथावाचक मानस केशरी प्रमोद



शास्त्री बेमेतरा होंगे। आयोजक समिति ने बताया कि बाजार चौक मड़ेली में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2 तक प्रख्यात मानस मंडली अपनी प्रस्तुति देगी। दोपहर 2 बजे राम कथा हरि इच्छा तक आयोजित होगी। संध्याकालीन 6 से 8 बजे तक जय तुलसी रामधुनी मंडली मड़ेली का कार्यक्रम होगा। आयोजन की तैयारी में ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### सरबदा में श्रीमद् भागवत कथा 11 से

**जीजामगांव।** दर्श मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से



श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 11 से 19 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक कृष्ण कुमार तिवारी होंगे। आयोजक समिति ने बताया कि कथा सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक एवं दोपहर 3 बजे से संध्या 5.30 बजे तक होगी। आयोजन की तैयारी में आयोजक समिति सहित ग्रामीणजन जुटे हुए हैं।

### जीजामगांव में शिव महापुराण कथा 15 से

**जीजामगांव।** शिवशक्ति सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग



से ग्राम जीजामगांव में सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन 15 से 22 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक हलधरनाथ जोगी कोपरा राजिम होंगे। प्रथम दिवस 15 जनवरी को देव स्थापना, 16 जनवरी को शिव कथा प्रारम्भ, 17 जनवरी को शिवतत्व महत्तम, 18 जनवरी नन्दी जन्म कथा, 19 जनवरी को शिव पार्वती विवाह, 20 जनवरी को कार्तिक जन्म, 21 जनवरी गणेश जन्म, 22 जनवरी शिव गीता हवन होगा। आयोजक समिति ने बताया कि प्रतिदिन सुबह पार्थिव शिवलिंग की पूजा होगी।

### जिले में शिक्षार्थी लाइसेंस शिविर 11 जनवरी तक

**धमतरी।** अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) पुलिस मुख्यालय परिसर अटल नगर नवा रायपुर द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़क सुरक्षा की गंभीरता एवं चुनौतियों के प्रति जागरूक करने तथा बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के उद्देश्य से 1 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में धमतरी जिले में 5 से 11 जनवरी तक सभी जनपद पंचायत धमतरी, कुरूद, मगरलोड एवं नगरी में शिक्षार्थी (लर्नर) लाइसेंस बनाए जाने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी मुजाहिद खान ने बताया कि इन शिविरों में इच्छुक व्यक्ति संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान कर अपना शिक्षार्थी लाइसेंस बनवा सकते हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आमजन से अपील हुए कहा कि आपका जीवन अमूल्य है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें तथा वैध लाइसेंस बनवाकर सुरक्षित यातायात को बढ़ावा दें।

---

## गुहार : उपभोक्ता ने विधायक से मुलाकात कर बताई समस्या

# स्मार्ट मीटर से बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि, जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद क्षेत्र में बिजली बिलों में अचानक और बेतहाशा वृद्धि को लेकर आम नागरिकों की परेशानियों की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। अत्यधिक बिजली बिल आने से आम उपभोक्ताओं पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

स्थिति यह है कि जिन घरों में मात्र तीन बल्ब और दो पंखों का उपयोग किया जा रहा है, वहां भी बिजली विभाग द्वारा 15 हजार रुपये से लेकर 80 हजार रुपये से अधिक के बिजली बिल भेजे जा रहे हैं। जब उपभोक्ता इतनी बड़ी राशि जमा करने में असमर्थता व्यक्त करते हैं, तो बिजली विभाग द्वारा सीधे लोक अदालत में उपस्थित होने के नोटिस जारी कर दिए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को मानसिक तनाव और भय का सामना करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि विकासखंड पिथौरा के ग्राम नयापारा खुर्द निवासी दिवंगत लखपति साहू के नाम से मीटर क्रमांक



1003367054 स्थापित है। उक्त मृतक उपभोक्ता के वारिस मधुसूदन साहू को बिजली विभाग द्वारा 86,763 का बिजली बिल भेजा गया। उपभोक्ता द्वारा किसी तरह 10,000 की राशि जमा की गई है, जबकि शेष 76,763 की वसूली के लिए बिजली विभाग ने लोक अदालत का नोटिस जारी कर दिया है। पीड़ित उपभोक्ता मधुसूदन साहू ने बताया कि वे केवल तीन बल्ब और दो पंखों का उपयोग करते हैं, इसके बावजूद इतना भारी भरकम बिजली बिल भेजा गया है, जिसे चुकाना उनके लिए पूरी तरह असंभव है। अपनी समस्या को लेकर उपभोक्ता ने द्वारिकाधीश यादव, विधायक खल्लारी, से मुलाकात कर बिजली बिल माफ कराने की गुहार लगाई।

इस पर विधायक यादव ने कहा कि उनके क्षेत्र से लगातार नागरिक अत्यधिक बिजली बिलों की शिकायतें लेकर उनके पास आ रहे हैं। पहले जहां उपभोक्ता 250 से 500 या अधिकतम 1000 रुपए तक बिजली बिल जमा करते थे, वहीं अब छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद मजदूर परिवारों, छोटे किसानों और निम्न मध्यम वर्ग के घरों में हजारों रुपये के बिजली बिल थमाए जा रहे हैं। विधायक यादव ने कहा कि सरकार के स्मार्ट मीटर जनता की जेब पर डाका डालने जैसा कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि गरीब, मजदूर और किसान वर्ग के परिवारों को ही हजारों रुपये का बिजली बिल भरना पड़ेगा, तो उनके घरों में बिजली कैसे जलेगी?

### जांच की मांग

उन्होंने सरकार से मांग की कि पुराने मीटर और स्मार्ट मीटर की खपत में आ रहे व्यापक अंतर की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि जांच में यह सिद्ध होता है कि स्मार्ट मीटर वास्तविक खपत से अधिक रीडिंग दिखा रहे हैं, तो यह आम जनता से जबरन वसूली के समान है। विधायक यादव ने कहा कि सरकार को सभी घरों में पुराने मीटर और नए स्मार्ट मीटर दोनों को एक साथ लगाकर समान बिजली लोड देकर परीक्षण करना चाहिए। यदि समान खपत के बावजूद स्मार्ट मीटर अधिक रीडिंग दर्शाता है, तो ऐसे मीटरों को आम जनता के घरों में लगाने पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

---

# महासमुंद से आशीष एवं बागबाहरा से रिंकल बनाए गए ब्लाक नोडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

6 जनवरी 2026 को स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम विद्यालय महासमुंद में आगामी प्रयास विद्यालय चयन परीक्षा एवं राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति परीक्षा एनएमएमएसई के तैयारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे की अध्यक्षता एवं प्रतियोगी परीक्षा जिला कोआर्डिनेटर डॉ पूर्णानंद मिश्रा की उपस्थिति में महासमुंद एवं बागबाहरा ब्लॉक के नवाचारी शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें महासमुंद विकासखंड से आशीष साहू एवं बागबाहरा विकासखंड से रिंकल बग्गा को विकासखंड नोडल की जिम्मेदारी दी गई। उन्हें दायित्व दिया गया कि अपने विकासखंड को 4 जोन में बांटे, जिससे आगामी समय में प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आसानी से संचालित किया जा सके। पश्चात निर्णय लिया गया कि बच्चों को इन परीक्षाओं की तैयारी करने हेतु व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाये, उसमें ऑनलाइन सामग्री उन्हें प्रदान करना ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही प्रकार से उन्हें प्रशिक्षण देना तथा विद्यालय में पढ़ रहे संसाधनों से जूझ रहे बच्चों के लिए पुस्तक एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया गया। कार्यशाला में उपस्थित



शिक्षकों ने स्वप्रेरित होकर एकमतेन स्वयं के खर्चे से यथाशीघ्र गाइड बुक्स आदि सामग्री देने का वचन दिया।

नवाचारी शिक्षकों के इस समूह को प्रेरित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने कहा कि ये परीक्षाएं हमारे विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में कुछ बेहतरीन सुविधाएं एवं वातावरण प्रदान करती हैं, जिससे बच्चे जीवन में बहुत आगे बढ़ते हैं। अतः इन परीक्षाओं की तैयारी में जुटे सभी शिक्षकों को उन सभी को आगे लाने हेतु प्रयास करते रहने होंगे। विजय कुमार लहरे ने प्रयास में इस वर्ष 500 बच्चों के चयन का संकल्प दोहराया। पश्चात जिला प्रतियोगिता परीक्षा महासमुंद के कोऑर्डिनेटर डॉ पूर्णानंद मिश्रा ने कहा कि शिक्षा विभाग के साथियों एवं संपूर्ण शिक्षा विभाग महासमुंद के लिए यह एक भागीरथ प्रयास है। जिसमें हम सभी एक समन्वित प्रयास से साधनों के अभाव से जूझ रहे बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी करने के लिए उन्हें पुस्तक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन शिक्षा के रूप में मार्गदर्शन देकर उनके जीवन को प्रकाशित कर सकते हैं, उन्होंने समाज के कुछ सफल हुए लोगों का उदाहरण दिया, जिन्हें एक शिक्षक का स्नेह एवं सहयोग आगे बढ़ाया था।

कार्यक्रम में महासमुंद व बागबाहरा के अनेक नवाचारी शिक्षकों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षा जिला समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा, वीरेंद्र चौधरी, वीरेंद्र कर, भगत दास, रिंकल बग्गा, आशीष साहू, भारती सोनी, छोटू निषाद आदि अनेक शिक्षकों ने भाग लिया। संचालन वीरेंद्र कर एवं आभार पूर्णानंद मिश्रा ने किया।

---

## संबलपुर ने कांकेर को हराकर जीता खिताब



**सरायपाली।** मां रुद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब, बैतारी एवं मित्रा फिट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वर्गीय रघुवीर साहू की स्मृति में ऑल इंडिया एमएफसी कप 2025-26 का फाइनल मुकाबला 04 जनवरी 2026 रविवार को दिनाकाशी क्रिकेट मैदान में भव्य रूप से हुआ। फाइनल मुकाबला कांकेर (छत्तीसगढ़) एवं संबलपुर (ओडिशा) की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें दर्शकों को एक रोमांचक और संघर्षपूर्ण मैच देखने को मिला। शानदार प्रदर्शन करते हुए संबलपुर (ओडिशा) की टीम ने मुकाबले में विजय हासिल कर खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 1, 00, 000 एवं उपविजेता टीम को 50, 000 रुपए नगद राशि के साथ चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किरण कुमार साहू रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णु अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीष अग्रवाल, दयालाल पटेल, लक्ष्मीनारायण पटेल, ग्राम सरपंच अनिल मुन्ना, उपसरपंच अमित प्रधान, नवीन साहू एवं अमित शनिकर की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सर्वप्रथम मैं इस भव्य आयोजन के लिए मां रुद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब बैतारी सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को हृदय से बधाई देता हूँ, जिन्होंने मेरे पिता स्वर्गीय रघुवीर साहू की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए इस अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। साथ ही जब तक ये खेल मैदान और मैं हूं, तब तक इस से भी बेहतर टूर्नामेंट करने की कोशिश करता रहूंगा। खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, परिश्रम और नेतृत्व सिखाने का एक सशक्त माध्यम है। आज के इस फाइनल मुकाबले में कांकेर और संबलपुर की टीमों ने जिस खेल भावना और जुझारूपन का परिचय दिया, वह निश्चित रूप से प्रशंसनीय है। आयोजन के संरक्षक सुनील साहू तथा मां रुद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब के समस्त सदस्य आयोजन में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

---

# कुलिया में श्रीमद भागवत कथाः जो भगवान को अर्पित किया वही लौटकर मिला, सुदामा चरित्र से संयम और विवेक का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कुलिया गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन व्यास पीठ से भागवताचार्य पं. त्रिभुवन महाराज ने सुदामा चरित्र का भावपूर्ण और अर्थपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि ईश्वर केवल मनुष्य के कर्म ही नहीं, बल्कि यह भी देखता है कि वह क्या खा रहा है, क्या दे रहा है और किस भाव से जीवन जी रहा है। इन्हीं कर्मों और आचरण के क्रम के अनुसार मनुष्य को जीवन में फल प्राप्त होता है।

पं. त्रिभुवन महाराज ने सुदामा चरित्र का उल्लेख करते हुए कहा कि सुदामा अत्यंत निर्धन होने के बावजूद मन से शुद्ध और आचरण से संयमी थे। उन्होंने बताया कि सुदामा द्वारा खाया गया चना सामान्य प्रतीत होता है, लेकिन वह श्रापित था और उसके सेवन का प्रतिफल सुदामा को अपने जीवन में भुगतना पड़ा। यह प्रसंग इस बात की



ओर संकेत करता है कि भोजन पेट भरने का साधन नहीं है, उसका संबंध हमारे कर्म और भाग्य से भी जुड़ा होता है। इसलिए मनुष्य को यह समझना चाहिए कि वह क्या खा रहा है और किस भाव से ग्रहण कर रहा है। कथा व्यास ने कहा कि सुदामा ने श्रीकृष्ण को वह चना इसलिए नहीं दिया, क्योंकि वे जानते थे कि वह श्रापित है। सुदामा का यह विवेक दर्शाता है कि सच्ची भक्ति में अज्ञान नहीं, बल्कि समझ और सतर्कता होती है। उन्होंने आगे बताया कि सुदामा ने श्रीकृष्ण को चावल अर्पित किए और उसी अर्पण के माध्यम से भगवान ने उन्हें वह सब कुछ प्रदान किया, जो वे देना चाहते थे। यह संदेश है कि भगवान को वही अर्पित करना चाहिए, जो शुद्ध, सात्त्विक और कल्याणकारी हो।

पं. त्रिभुवन महाराज ने कहा कि भगवान मनुष्य के जीवन में उसी को बढ़ाते हैं, जिसे वह अर्पित करता है। यदि भाव शुद्ध है और अर्पण निस्वार्थ है, तो ईश्वर की कृपा स्वतः प्राप्त होती है। सुदामा ने कुछ भी मांगने के बजाय केवल प्रेम और श्रद्धा अर्पित की, और बदले में उन्हें ऐश्वर्य, सम्मान और सुख की प्राप्ति हुई। सुदामा चरित्र यह सिखाता है कि सच्ची संपन्नता बाहरी धन में नहीं, बल्कि आंतरिक संतोष में होती है। कथा के दौरान गृहस्थ जीवन पर भी महत्वपूर्ण संदेश देते हुए पं. त्रिभुवन महाराज ने कहा कि परिवार की आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था में पत्नी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि घर की महिलाएं इस बात पर ध्यान रखें कि पति कहां, क्या और किसे दे रहा है। घर के लिए आवश्यक संपत्ति को सहेजने और संतुलन बनाए रखने का दायित्व पत्नी का होता है। यह संदेश गृहस्थ धर्म में संतुलन, समझदारी और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दान, भोग और संग्रह तीनों में संतुलन आवश्यक है। बिना विवेक के दिया गया दान भी कभी-कभी संकट का कारण बन सकता है। इसलिए गृहस्थ जीवन में पति-पत्नी दोनों का कर्तव्य है कि वे मिलकर निर्णय लें और परिवार तथा समाज के हित में कार्य करें। सुदामा चरित्र के माध्यम से पं. त्रिभुवन महाराज ने यह स्पष्ट किया कि ईश्वर कहीं दूर नहीं, बल्कि हमारे आचरण, भोजन, दान और भाव में प्रकट होते हैं। जो मनुष्य संयम, विवेक और श्रद्धा के साथ जीवन जीता है, उसके जीवन में भगवान की कृपा स्वतः उतर आती है।

---

# जिले के 18 गांवों में फसल चक्र परिवर्तन

- बेहतर काम करने वाले दो आरईओ हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

जिले में फसल चक्र परिवर्तन की लहर चल पड़ी है। 18 गांव तो ऐसे हैं, जहां पर शत- प्रतिशत फसल परिवर्तन कर लिया गया है। इनमें से दो गांव में बेहतर कार्य करने पर आरईओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

जिले में लंबे अरसे से डबल फसल ली जा रही है। दोनों ही सीजन में धान लेने से जमीन की सेहत खराब हो गई है। यही नहीं पानी का दुरूपयोग भी काफी हो रहा है। भू जलस्तर काफी नीचे चला गया है। स्थिति को देखते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर पूरे जिले में फसल चक्र परिवर्तन अभियान को युद्धस्तर पर चलाया गया। किसान भी धान की खेती से हो रहे नुकसान से परेशान थे। ऐसे में जिला प्रशासन की इस मुहिम को अच्छा रिस्पांस मिला। कई गांव में शत-प्रतिशत फसल परिवर्तन किया गया है। वहीं अधिकांश गांवों में आंशिक रूप से फसल परिवर्तन किया गया है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस मुहिम से जुड़ने पर किसान को शुभकामनाएं दी हैं, वहीं इस अभियान का सफलतापूर्वक संचालन करने वाले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को सम्मानित किया है।



### इन्हें मिला सम्मान

ग्राम खपरी में पिछले तीन साल से फसल चक्र परिवर्तन के लिए कृषि विभाग की कोशिश जारी थी। अब जाकर गांव के सभी किसानों ने फसल परिवर्तन किया है। जानकारी के अनुसार गांव का कुल रकबा 330 हेक्टेयर है। पिछले साल के प्रयास में यहां 135 हेक्टेयर में चने की फसल लगाई गई थी। इस बार पूरे रकबे में चने की फसल लगाई गई है। ग्राम भानपुरी में बड़े क्षेत्रफल में चना लगाया गया है। खपरी के पूर्णतः फसल चक्र परिवर्तन पर यहां के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भाग्यश्री खलादकर को प्रशस्ति पत्र दिया गया है। इसी प्रकार देमार ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संतोष नेताम को भी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।

### ट्रायकोडर्मा, सूडोमोनाश का करें छिड़काव : खलादकर

चने में उकठा रोग की शिकायत काफी अधिक आ रही है, खासकर उन खेतों में जहां पिछले दो तीन साल से चने की फसल ली जा रही है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भाग्यश्री खलादकर ने बताया कि उकठा बीमारी की रोकथाम के लिए बीजोपचार सशक्त तरीका है। इसके बाद भी शिकायत आ रही है तो किसान दूसरी सिंचाई के बाद ट्राइकोडर्मा और सूडोमोनाश का छिड़काव कर सकते हैं। सूडोमोनाश के लिए जमीन में नमी रहना जरूरी है।

---

# सोंढूर डूब क्षेत्र के किसान पंजीयन से वंचित

- नहीं मिलेगा समर्थन मूल्य का लाभ

**धमतरी।** सोंढूर बांध डूब क्षेत्र के किसानों ने कृषि भूमि के पंजीयन के लिए कलेक्टर से गुहार लगाई है। नगरी तहसील अंतर्गत ग्राम कसलोर के किसान कमलेश, प्रमोद, भानुप्रताप ध्रुव, टाकेश्वर साहू, शंकरलाल साहू, कैलाश भास्कर आदि ने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर आवेदन किया है कि वे विगत 40 वर्षों से सिंचाई विभाग की जमीन में कास्तकारी कर अपने-अपने परिवार का भरण पोषण करते आ रहे हैं जिसके एवज में सिंचाई विभाग में निर्धारित शुल्क जमा करते हैं लेकिन अभी तक वृद्धि भूमि का पंजीयन नहीं हो पाया है। इससे समिति में धान नहीं बेच पाते हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। उनके द्वारा पंजीयन के संबंध में जब-जब आवेदन किया जाता है, हर बार मात्र औपचारिक रूप से गिरदावरी रिपोर्ट की जांच बनाकर खानापूर्ति की जाती है। डूब क्षेत्र के परेशान किसानों ने कृषि जमीन का पंजीयन कराने की मांग की है।

---

# समानुपात में धान का उठाव नहीं इसलिए कई केंद्रों में मेगा जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

- छाती खरीदी केंद्र में बफर लिमिट से तीन गुना ज्यादा धान जाम

खरीदी केंद्रों में जाम की समस्या से मुक्ति नहीं मिल रही है। बेतरतीब ढंग से उठाव के चलते कई खरीदी केंद्रों में जाम बफर लिमिट से तीन से चार गुना ज्यादा गया है। अब तो उन केंद्रों में धान खरीदी करने में काफी समस्या आ रही है।

धान का उठाव इस साल खरीदी केंद्रों के लिए नासूर बन गया है। विभिन्न समस्याओं के चलते राइस मिलर्स उठाव पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं संग्रहण केंद्रों में अब तक धान स्टोर करना शुरू नहीं किया गया है। इसके चलते खरीदी केंद्रों में जाम के उपर जाम लगता जा रहा है। समिति प्रबंधकों ने बताया कि उठाव में भेदभाव की स्थिति है। कई खरीदी केंद्रों से लगातार धान का उठाव हो रहा है, जबकि कई खरीदी केंद्रों में उठाव नहीं के बराबर हो रहा है। छाती खरीदी केंद्र के प्रबंधक ने बताया कि उनके केंद्र में कुल खरीदी 54,381 क्विंटल हो चुकी है। जबकि परिवहन मात्र 13,940 क्विंटल ही हुआ है। परिवहन के लिए 40,441 क्विंटल शेष है। यहां पर बफर लिमिट से तीन गुना ज्यादा धान जाम हो चुका है। अब खरीदी में काफी समस्या आ रही है। यही स्थिति रही तो खरीदी बंद हो सकती है। जानकारी के अनुसार खरीदी के लिए डीओ एनआईसी के माध्यम से ऑनलाइन काटा जा रहा है। यदि एनआईसी में व्यवस्था सुधार ली जाती है तो उठाव भी समानुपात में हो जाएगा।

### यह है खरीदी केंद्रों की स्थिति

खरीदी केंद्रों में अब प्रतिदिन खरीदी की लिमिट बढ़ा दी गई है, जिसके चलते खरीदी की रफ्तार भी 50 प्रतिशत तक बढ़ गई है। पहले रोजाना 1 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो रही थी। अब 1 लाख 50 हजार क्विंटल से ज्यादा धान की खरीदी हो रही है। उधर धान के परिवहन की रफ्तार नहीं बढ़ पाई है। अब तक 39 लाख 59 हजार 398 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। जबकि उठाव मात्र 12 लाख 39 हजार 304 क्विंटल धान का ही हो पाया है। केंद्रों में 27 लाख क्विंटल से ज्यादा धान जाम पड़ा हुआ है।

---

# अखिल भारतीय अंतर विवि स्पर्धा के लिए यशोदा का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद की छात्रा यशोदा साहू का चयन पूर्वी क्षेत्रीय/अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन (महिला) प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता 07 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2026 तक संबलपुर विश्वविद्यालय, ओडिशा में आयोजित की जाएगी। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलभद्र कुमार ने यशोदा साहू को इस गौरवपूर्ण चयन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है और इससे अन्य छात्राओं को भी खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। महाविद्यालय की क्रीड़ा प्रभारी कविता गहीर ने चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यशोदा साहू की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का ही यह परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि वह प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगी। वहीं क्रीड़ा अधिकारी दुलामनी रौतिया ने भी छात्रा को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर चयन महाविद्यालय के खेल प्रशिक्षण एवं खेल वातावरण की सफलता को दर्शाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शीलभद्र कुमार सहित समस्त प्राध्यापकगण, डॉ सरस्वती वर्मा, ओमप्रकाश पटेल, डॉ मनोज शर्मा, डॉ स्वेतलाना नांगल, अजय श्रीवास, ओंकार साहू, जगदीश खटकर, वंदना यादव, अरविंद साहू, कविता गहीर खगेश्वर नवरंगे, कार्यालयीन स्टाफ संतराम मन्नाड़े, अश्वनी कुमार लोधी, रामकृष्ण साहू, अतिथि व्याख्याता डॉ लोकनाथ तारक, डॉ चित्रलेखा साहू, गुप्तेश नामदेव, उमा साहू, डॉ हेमेंद्र साहू, संजय वर्मा, जनभागीदारी शिक्षक पूजा साहू, प्रेरणा कापसे, चमन आडिले, अहिल्या लहरे, मनीष बंजारे, विनोद बंजारे एवं कामिन निषाद ने छात्रा यशोदा साहू की इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

**खबर संक्षेप**



### सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति पर लोक गायिका को किया सम्मानित

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के चंडी मंदिर में पौष पूर्णिमा पर सांस्कृतिक रंगमंच में रात्रि 11 बजे छत्तीसगढ़ के लोक गायिका पूनम विराट तिवारी एवं दिव्या तिवारी राजनांदगांव की रंग छतिसा सांस्कृतिक कार्यक्रम का दर्शकों ने आनन्द लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण के अलावा आसपास जिलों के लोगों की उपस्थिति रही। कलाकारों ने सर्वप्रथम मां चंडी देवी पूजा आरती गीत से शुभारंभ किया। बाद पारम्परिक छत्तीसगढी गीत, धार्मिक, सेवा, जसगीत सहित छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक को मनोरंजन के माध्यम से बिखेरा, जिसका आनंद सभी वर्गों ने लिया। इस अवसर पर चंडी मंदिर समिति व ग्रामीणों ने लोक गायिका को सम्मानित किया। इस मौके पर उमेश चंद्राकर, सुधेराम सेन, शत्रुहन यादव, राजेंद्र चंद्राकर, कमल साहू, बलराम पटेल, नाना मानिकपुरी, राहुल सेन, संतोष साहू, चुन्ने साहू आदि मौजूद रहे।



### अभ्युदय संस्थान में होगा जीवन विद्या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

छत्तीसगढ़ के सभी शिक्षा अधिकारी अभ्युदय संस्थान से जीवन विद्या से परिचित

महासमुंद। मानव समाज के सेवा के लिए समर्पित छत्तीसगढ़ राज्य के 30 हजार से अधिक सरकारी शिक्षकों समेत राज्य के सभी डीईओ, डीपीसी, डाइट प्राचार्यों और राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के सभी प्राध्यापकों को जीवन विद्या परिचय शिविर कराने वाली अभ्युदय संस्थान अछोटी के बारे में मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही के संचालक शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने बताया कि अभ्युदय संस्थान अछोटी मूल रूप से 17 परिवारों के तन-मन-धन के समर्पण से बना है। यह संस्थान शिक्षा के मानवीय करण के लिए समर्पित है। छत्तीसगढ़ राज्य के 30 हजार से अधिक शिक्षकों को जीवन विद्या शिविर से परिचय करा चुकी है। परिवारजनों के आपसी सहयोग से संस्थान संचालित है। जीवन विद्या, मध्यस्थ दर्शन, भारतीय ज्ञान परंपरा के नवीनतम दर्शन से प्रभावित होकर इस संस्थान का निर्माण किया गया है। संस्थान को निशुल्क सेवा करते हुए 25 वर्ष हो गये हैं, जिसका रजत जयंती उत्सव 10 व 11 जनवरी को मनाया जाएगा।

**आयोजन:** जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित रायपुर बैंक के अध्यक्ष पहुंचे बागबाहरा

# को-ऑपरेटिव सेक्टर में मातृशक्ति और युवाओं को रोजगार देने की अपार संभावनाः निरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित रायपुर बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा के प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं व बैंक के अधिकारी-कर्मचारी द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। जिसके पश्चात स्थानीय पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष निरंजन सिन्हा मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक प्रीतम दीवान, अल्का नरेश चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, राहुल चंद्राकर, थानसिंह दीवान, रवि फिरोदिया, मंडल अध्यक्ष डाली ध्रुव, रूपेश साहू, लोकेश पनुरिया, नीलकंठ साहू, शंकर तांडी, दुबे लाल साहू, धरम दीवान, आबिद कुरैशी, जान्हवी साहू अतिथि मंच पर मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि सिन्हा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सन 1913 में किसानों की समस्याओं को देखते हुए खोला गया बैंक आज विशाल रूप में फ़ैल चुका है। यह किसानों का बैंक है। जिला सहकारी बैंक में सिर्फ पैसों का लेन देन तक सीमित नहीं है, यह बैंक किसानों को फसल समय लगने वाले अन्य जरूरत के समान खातु दवाइयां सहित अनेक सुविधाएं प्रदान करवाता है। उन्होंने आगे कहा कि पहले किसानों को साहूकारों के पास से कर्ज लेना पड़ता था और जीवनभर कर्ज में डूबे रहना पड़ा था। फिर भी कर्ज को चुका नही पाते थे, ऐसी किसानों की समस्याओं को लेकर और किसानों को समृद्ध बनाने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की स्थापना की गई। किसानों को बैंक पर विश्वास करना चाहिए। यह किसानों का ही बैंक है। उन्होंने किसानों को आश्वास्त किया कि किसानों का एक-एक धान खरीदा जाएगा। को-ऑपरेटिव सेक्टर में मातृशक्ति और युवाओ को रोजगार देने की अपार संभावना है।



#### बिना ब्याज ऋण दे रही किसानों को भाजपा सरकारः एतराम

भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से किसानों को जीरो प्रतिशत पर लोन देने का काम भाजपा सरकार ने ही किया है। किसानों को समृद्ध बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। राज्य सरकार को किसानों की चिंता है और किसानों का एक-एक दाना धान खरीदा जाएगा। उन्होंने ने किसानों से जय जवान जय किसान जय विज्ञान प्रक्रिया तहत किसानी करने को कहा। कार्यक्रम को पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू व अल्का नरेश चंद्राकर ने भी संबोधित किया।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर संजय मालवे, जसराज चंद्राकर, अतुल गंडेचा, प्रेम साहू, भोजनाथ देवांगन, एवन साहू, अशोक दीप, नरेंद्र बग्गा, जिला सहकारी बैंक के एसपी चंद्राकर, अविनाश शर्मा, ब्रांच मैनेजर नरेंद्र ठाकुर, श्रवण ठाकुर, सेवक चंद्राकर, प्रेम लाल सिन्हा व सभी सोसायटी के प्राधिकृत अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रशेखर ध्रुव ने किया।

## शिव महापुराण कथा में शामिल हुए नपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के वार्ड क्रमांक 3 अयोध्या नगर में आयोजित शिव महापुराण कथा में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए।

उन्होंने व्यास पीठ पर विराजित कथा व वाचक का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया तथा भगवान शिव की पूजा कर नगर की खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न वार्डों में श्रीमद भागवत कथा तथा शिव महापुराण कथा के साथ साथ अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहे हैं। जिससे शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया है। ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों से ही सकारात्मकता का संचार होता है। इस अवसर पर पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर उपस्थित थीं।

## आम आदमी पार्टी ने किया संगठन विस्तार, संतोष प्रदेश सचिव एवं शकील जिला संगठन मंत्री बने

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ ने पार्टी का संगठन का विस्तार करते हुए महासमुंद जिले के पूर्व लोकसभा अध्यक्ष संतोष चंद्राकर को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी तरह खल्लारी विधानसभा की पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शकील खान को जिले में संगठन मंत्री प्रभार सौंपा गया है। प्रदेश सचिव संतोष चंद्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पार्टी ने जो आज उन्हें अवसर दिया है उनका पूरा सम्मान करते हुए आगे संगठन को मजबूत बनाने के लिए तन-मन-धन से पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि 11 जनवरी से पूरे छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभाओं के सभी ब्लॉकों में छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा शुरू होने जा रही है, जिसकी तैयारी के लिए 8 जनवरी को धमतरी, 9 जनवरी को गरियाबंद और 10 जनवरी को जिले की बैठक ली जाएगी। जहां पर पूरे महासमुंद लोकसभा के आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता गांव-गांव तक लोगों के बीच पहुंचेंगे। उनकी समस्याओं से रूबरू होंगे और उनका हल करने का प्रयास करेंगे। साथ ही गांव एवं शहरों में संगठन का विस्तार करेंगे। जिला संगठन मंत्री शकील खान ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में जल जंगल जमीन को वर्तमान की भाजपा सरकार बेचने को आतुर है। किसानों को आदिवासियों को उनके ही खेत खलिहान और जंगलों से दूर किया जा रहा है, इस पूरी प्रक्रिया में देश के बड़े-बड़े उद्योगपति और भाजपा के नेता शामिल है। आदिवासियों एवं किसानों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वर्तमान के साय सरकार के हाथ में सत्ता की चाबी ही नहीं है। सट्टा का संचालन अपने उद्योगपति मित्रों को सुविधा देने के लिए कहीं और से किया जा रहा है। जनता त्रस्त है जनता का कोई काम इस सरकार में नहीं हो पा रही है। आम आदमी पार्टी पूरे छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा निकालकर जनता को भाजपा सरकार की असली चेहरा दिखाएगी। साथ ही लोगों की समस्याओं का हल नही की स्थिति में पार्टी आंदोलन भी करेगी।





## धान परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, चार अलग अलग मामलों में 876 कट्टा धान एवं वाहन भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार इसी क्रम में बीती रात एवं मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर की गई जांच के दौरान अवैध रूप से धान का परिवहन करते पाए जाने पर 876 कट्टा धान एवं वाहनों को जप्त किया गया।

बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत बागबाहरा एसडीएम नमिता मारकोले के नेतृत्व में जांच के दौरान संयुक्त टीम द्वारा खल्लारी क्षेत्र में अवैध रूप से धान परिवहन करते हुए 84 कट्टा धान के साथ एक वाहन को पकड़ा गया, जिसे थाना खल्लारी के सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार एक अन्य कार्रवाई में 45 कट्टा अवैध धान परिवहन करते पाए जाने पर संबंधित वाहन सहित धान को भी थाना खल्लारी के सुपुर्द किया गया। इसके अलावा बंजारी नाका में जांच के दौरान दो अवैध धान परिवहन वाहनों को पकड़ा गया, जिनमें लगभग 700 कट्टा धान लोड पाया गया। दोनों वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं तहसील पिथौरा अंतर्गत एसडीएम बजरंग वर्मा के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा मां दुर्गा ट्रेडर्स, अरुण कुमार अग्रवाल की दुकान से वाहन में लोड किए जा रहे 47 कट्टा अवैध धान को जप्त कर कृषि उपज मंडी पिथौरा के सुपुर्द किया गया। जिला प्रशासन ने कहा है कि जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं खरीदी पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।





### बिरकोनी में रजत जयंती चावल उत्सव का शुभारंभ

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में सहकारी सेवा समिति मर्यादित के शासकीय उचित मूल्य दुकान में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देश अनुसार छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दुकान में यह उत्सव 02 जनवरी से 09 जनवरी 2026 तक आयोजित होगा। इस आयोजन के माध्यम से पात्र राशन कार्डधारकों को नियमानुसार खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा हैं। साथ ही राज्य की रजत जयंती को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना एवं आम नागरिकों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि से जोड़ना है। सेल्समैन ओमन साहू ने शासन के योजना के बारे में कार्डधारियों को जानकारी दी। राशन कार्डधारकों में इस आयोजन को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है।

### धान रोपाई...



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम खुटेरी में किसान अपनी खड़ी फसल काटने के बाद रबी फसल की तैयारी में जुट गए हैं। क्षेत्र में रबी फसल के लिए धान थरहा लगाने का कार्य शुरू हो गया है।




### कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। जन चौपाल में 60 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

## भलेसर स्कूल में न्योता भोज का आयोजन



**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला भलेसर में एपीसी समग्र शिक्षा संपा बोस द्वारा अपने ससुर स्वर्गीय दीपक कुमार बोस की पुण्यतिथि पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज के अंतर्गत बच्चों को मिठाई, फल, खीर, पूरी, बड़ा, सलाद, पापड़ एवं अचार परोसा गया। सभी बच्चों ने प्रसन्नचित्त होकर स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर उपस्थित बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना शासन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से विद्यालयों में न्योता भोज का आयोजन किया जाता है। ऐसे आयोजनों से विद्यालय और समुदाय के बीच सहभागिता बढ़ती है तथा बच्चों को पोषणयुक्त एवं रुचिपूर्ण भोजन प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि गांव शहर वार्ड में व्यक्ति अपने जन्मदिन, अपने परिवार के सदस्यों के जन्मदिन या किसी मांगलिक कार्य या अपने संबंधी के पुण्य तिथि में यह कार्य करें तो छोटे-छोटे बच्चों के साथ बिताए पल जिन्दगी भर अच्छा फिलिंग कराएगा। कार्यक्रम में एपीसी संपा बोस, प्रियंका पटेल, सीएसीए चंद्रशेखर डोरा, शिक्षक दुर्गा यादव, मंजू लता साहू, सरपंच सेवा राम कुर्रे, उपसरपंच स्वाति देवदास, अध्यक्ष ललिता सिन्हा, सचिव दीपिका बंजारे, शिक्षाविद नीलकमल सिन्हा, शिक्षादूत नीता सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

### महिलाओं ने रखा सकट चतुर्थी का व्रत

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा की महिलाओं ने अपने बच्चों की लंबी उम्र के लिए सकट चतुर्थी का व्रत रखा। गायत्री चंद्राकर ने बताया कि सकट चतुर्थी व्रत रखकर महिलाओं ने भगवान गणेश व सकट माता माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर अपने बच्चों की लंबी उम्र, सुरक्षा और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। शाम को चंद्रदेव को अर्घ्य देकर व्रत पूरा किया गया। और तिल-गुड़ से बने पकवानों का भोग लगाया गया। यह व्रत माघ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को रखा जाता है।

## कोर्ट ने जमानत देकर ईडी, सीबीआई, ईओडब्लू के दुरुपयोग को सिद्ध कियाः अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने हाईकॉर्ट द्वारा केंद्रीय एजेंसियों और प्रदेश की एजेंसियों द्वारा गलत तरीके से आरोपी बनाए चैतन्य बिट्टू बघेल को जमानत देकर यह संदेश दिया है कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार लगातार अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ ईडी, आईटी, सीबीआई और राज्यों की ईओडब्लू जैसी संस्थानों का लगातार दुरुपयोग करती आ रही है। 2014 से आज तक 6 हजार से ज्यादा मामले ईडी में दर्ज हुए हैं, जिसमें लगभग सभी विपक्ष के नेता शामिल हैं, उसके बाद या तो वो भाजपा में शामिल हो गए तो बच गए और बड़े पदों में हैं नहीं तो झूठे मामलों में जेल के पीछे हैं या जमानत पर है। इसी कड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री और किसान भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बिट्टू बघेल से मुलाकात कर जमानत मिलने को अन्याय के खिलाफ सत्य की जीत बताया।

अंकित ने बताया कि चैतन्य के जन्मदिन में उनकी गिरफ्तारी और भतीजे विवांश के जन्मदिन के दिन रिहाई ये दोनों तारीखें इतिहास बनाएगी। अगर छत्तीसगढ़ में ही देखें तो चिंतामणि महाराज का नाम कोल घोटाले में आया था, पर अब वो भाजपा में हैं और सांसद है, डॉ रमन सिंह के खिलाफ ईडी में मामला है, असम मुख्यमंत्री हेमंत विश्वा सरमा महाराष्ट्र में अजीत पवार, मध्यप्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे अनगिनत उदाहरण इस देश मे मिल जाएंगे, जिनको पहले केंद्रीय एजेंसियों का डर दिखाया गया। बाद में वे भाजपा में शामिल हो गए तो उनका पाप धूल गया। इस समय विधायक संदीप साहू, हीरा साहू, पवन साहू, आरिफ खान आदि मौजूद रहे।



## टूरीडीह के ग्रामीणों ने वोटर आईडी सुधार व मतदान केंद्र की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**झलप।** झलप ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम टूरीडीह के लगभग 100 ग्रामीणों ने सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार नीरज कुमार को आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने शिकायत की कि उनके वोटर आईडी कार्ड में ग्राम टूरीडीह के स्थान पर ग्राम छिलपावन दर्ज हो गया है, जिससे उन्हें भविष्य में परेशानी हो सकती है।

ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में भरे गए एसआईआर फॉर्म में उनके ग्राम का नाम गायब हो गया है और उसकी जगह बूथ का नाम दर्ज हो गया। उल्लेखनीय है कि इस गंभीर त्रुटि को लेकर हरिभूमि समाचार पत्र द्वारा पूर्व में खबर प्रकाशित की जा चुकी है, जिसके बाद ग्रामीणों में चिंता और आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में नायब तहसीलदार ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सभी पात्र मतदाताओं के वोटर आईडी कार्ड में शीघ्र ही आवश्यक सुधार कराया जाएगा। इसके साथ ही ग्रामीणों ने एक अन्य आवेदन देकर ग्राम टूरीडीह में ही मतदान केंद्र स्थापित किए जाने की मांग रखी। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें लोकसभा और विधानसभा चुनाव में ग्राम छिलपावन तथा ग्राम पंचायत चुनाव में ग्राम झलप जाकर मतदान करना पड़ता है, जिससे विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं को काफी कठिनाई होती है। इस मांग पर नायब तहसीलदार झलप ने जानकारी दी कि वर्तमान नियमों के अनुसार ग्राम टूरीडीह में मतदाताओं की संख्या नया मतदान केंद्र खोलने के लिए पर्याप्त नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम झलप में लोकसभा एवं विधानसभा स्तर के मतदान केंद्र की व्यवस्था को लेकर उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन लिया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द समाधान की उम्मीद जताई है ताकि आने वाले चुनावों में उन्हें मतदान अधिकार का प्रयोग सुगमता से मिल सके।



## खबर संक्षेप



### सब जूनियर फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप के लिए दो का चयन

**महासमुंद।** सब जूनियर फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन उज्जैन (मध्यप्रदेश) में 8 से 10 जनवरी 2026 तक होगा, जिसमें वेडनर मेमोरियल स्कूल महासमुंद के कक्षा 8वीं के दो छात्र लेनिस डहरिया और चहल साहू का चयन हुआ है। दोनों छात्रों के चयन से शाला परिवार एवं दोनों बच्चों के परिवार हर्षोल्लासित है।

### घोड़ारी में अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर 30 को

**महासमुंद।** अनुसूचित जातियों के हित में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आदिवासी विकास विभाग द्वारा अस्पृश्यता निवारणार्थ एवं प्रचार-प्रसार सद्भावना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के अधिकारी ने बताया कि यह शिविर 30 जनवरी को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम घोड़ारी में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।



### आर्ष कन्या गुरुकुल में नेत्र परीक्षण शिविर 9 को

**खल्लारी।** खल्लारी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीकेबाहरा में आर्ष कन्या गुरुकुल व निरोगधाम योग नेचुरोपैथी वैलनेस बीकेबाहरा के संयुक्त तत्वावधान में विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन आर्ष कन्या गुरुकुल परिसर में शुक्रवार 9 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। उक्त आयोजन में एमजीएम आंख का अस्पताल के सहयोग से यह आयोजन होगा। आयोजन मंडल के सदस्य हेमलता साहू ने बताया कि उक्त आयोजन के दिन नेत्र परीक्षण शिविर के दौरान चश्मे निःशुल्क प्रदान होगी। वहीं शिविर में आपरेशन के पंजीयन के लिए मरीज को मोबाइल नंबर व आधार कार्ड, राशनकार्ड की फोटो काफी देनी होगी। जहां सभी लोग अपने आंखों की जांच करा सकते हैं। जिनका उम्र उम्र 50 वर्ष से अधिक उसे विशेष रूप जांच करने की आवश्यकता है। शिविर में मोतियाबिंद की जांच के उपरांत मोतियाबिंद के सभी मरीजों को ऑपरेशन के लिए उसी दिन आंख का एमजीएम अस्पताल रायपुर ऑपरेशन के लिए ले जाया जाएगा। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों का मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन भी किया जाएगा। साथ ही अस्पताल में मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के दौरान भोजन, ठहरने तथा मरीजों के आने जाने के लिए वाहन व्यवस्था रहेगी। शिविर के आयोजक मंडलों ने बीकेबाहरा विशाल नेत्र परीक्षण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने क्षेत्रवासी व ग्रामीणजनों को अपील की है।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों सहित विभिन्न योजनाओं की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिला कार्यालय सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक के दौरान जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों एवं आगामी आयोजनों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने 26 जनवरी के तैयारियों को लेकर कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय में गणतंत्र दिवस का गरिमामय आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विभागों द्वारा झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ समय पर तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में आधार बेस्ड उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी-कर्मचारी प्रतिदिन सुबह 10 बजे कार्यालय में उपस्थित रहें। उपस्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ई-ऑफिस प्रणाली को लेकर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी फाइलों का मूवमेंट ई-फाइल के माध्यम से ही किया जाए, यह अनिवार्य है। इससे कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित होगी। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा गढ़पुलझर, झलप, खल्लारी, सलखंड एवं दुर्गापाली में की गई घोषणाओं के समय-सीमा में तथा गुणवत्ता पूर्ण क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों को नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए कहा गया।




### धान का उठाव करने के दिए निर्देश

धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि धान खरीदी निरंतर जारी रहे। उठाव में देरी के कारण किसी भी स्थिति में खरीदी बंद न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त बैठक में अन्य शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनहित के कार्यों में तेजी, गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने पीएम जनमन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचौपाल, समय-सीमा पत्रक और राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**आयोजन :** ग्राम कस्तूरबोड में श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ शाकंभरी महोत्सव

# मां शाकंभरी देवी प्रकृति, अन्न और जीवन की हैं अधिष्ठात्री: केशव राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कस्तूरबोड में मरार पटेल समाज द्वारा समाज की आराध्य देवी मां शाकंभरी के पावन पूजा महोत्सव शाकंभरी महोत्सव का आयोजन किया गया। विधिवत पूजा-अर्चना के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और समाजजनों की सहभागिता देखने को मिली।

इस महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष केशव नायक रामचंद्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मरार पटेल समाज की अधिष्ठात्री देवी मां शाकंभरी की पूजा-अर्चना से की गई, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। पूजा उपरांत मुख्य अतिथि केशव नायक राम चंद्राकर ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मां शाकंभरी के जीवन दर्शन, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक एकता पर प्रकाश डाला। चंद्राकर ने कहा कि मां शाकंभरी केवल एक देवी नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जीवन के लिए प्रकृति और करुणा का जीवंत संदेश हैं। उन्होंने कहा कि मां शाकंभरी का स्वरूप हमें यह सिखाता है कि अन्न, जल, वन और पर्यावरण की रक्षा ही सच्ची पूजा है। जब समाज प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर चलता है, तभी समृद्धि और सुख का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने आगे कहा कि मरार पटेल समाज ने सदैव कृषि, शाक उत्पादन और समाज सेवा के माध्यम से मां शाकंभरी के आदर्शों को जीवन में उतारा है। आज के समय में जब प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हो रहा है, तब मां शाकंभरी का संदेश और अधिक प्रासंगिक हो जाता है। हमें अपने बच्चों को प्रकृति से जोड़ने, सामाजिक एकता को मजबूत करने और परंपराओं के साथ विकास को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए।



केशव नायक राम चंद्राकर ने आयोजन के लिए मरार पटेल समाज की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संस्कार, एकजुटता और सकारात्मक सोच को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि मां शाकंभरी की कृपा से प्रेरणा लेकर समाज और क्षेत्र के विकास में मिलकर योगदान दें। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख सरपंच तुलाराम पनुरिया, डेमन राज पनुरिया, पूर्व सरपंच रामजीलाल सिन्हा, रिंकू चेतन चंद्राकर, चूड़ामणि साहू, दुर्योधन पटेल, भेखराम पटेल, नील सिंह कृष्ण पनुरिया, डूमेश पटेल, गिरीश पनुरिया अवसर पर जनपद एवं ग्राम स्तर के अनेक जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मरार पटेल समाज के पदाधिकारी व सदस्यगण तथा माताएं-बहनें उपस्थित रहीं। महोत्सव शांतिपूर्ण, अनुशासित और गरिमामय वातावरण में हुआ।

## कलेक्टर ने किया सरायपाली में सीमावर्ती जांच चौकियों का निरीक्षण



**महासमुंद।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में राज्य शासन के मंशानुरूप धान खरीदी का कार्य पारदर्शिता के साथ सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जिले में लगातार धान खरीदी केंद्रों एवं अंतरराज्यीय जांच चौकियों का निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सोमवार शाम को सरायपाली अंतर्गत ओडिशा राज्य की सीमा से लगे सिरपुर, रेहटीखोल और छिबरी में अंतरराज्यीय जांच चौकियों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान परिवहन से संबंधित अभिलेखों, ऑनलाइन एंट्री, वाहन जांच रजिस्टर, सुरक्षा प्रबंधन तथा आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में किसी भी स्थिति में अवैध धान परिवहन एवं अवैध भंडारण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जांच चौकी पर तैनात अधिकारियों को सभी आने-जाने वाले धान लदे वाहनों की सघन जांच करने, ई-पास एवं वैध दस्तावेजों का मिलान करने तथा संदेहास्पद वाहनों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जांच चौकियों पर निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शिकायत मिलने पर त्वरित निराकरण करने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम अनुपमा आनंद, तहसीलदार धर पंडा और राजस्व, मंडी के कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि अंतरराज्यीय चौकियों पर पारदर्शिता और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। इसलिए ड्यूटी के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप सतत निगरानी और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

# सनातन को सशक्त बनाने ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक: संपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा (ग्रामीण)

विकासखंड पिथौरा के ग्राम ठाकुरदिया खुर्द में आयोजित रामायण मंडली एवं कीर्तन मंडली सम्मान समारोह तथा खपराखोल ठाकुरदिया प्रीमियर लीग का शुभारंभ रविवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता सीताराम सिन्हा, डॉ. किशोर सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र पांडे, कामेश बंजारा, खेमू अग्रवाल, ग्राम सरपंच मनोज सिन्हा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजक अजय नायक सहित मंचस्थ अतिथियों द्वारा श्रीरामचंद्र जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि सनातन संस्कृति को सशक्त और जीवंत बनाए रखने के लिए इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने आयोजक समिति को बधाई देते हुए कहा कि रामायण मंडलियों और कीर्तन मंडलियों का सम्मान करना हम सभी के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर विधायक संपत अग्रवाल एवं मंचस्थ अतिथियों द्वारा 51 ग्रामों से आए धर्मप्रेमी मानस मंडली एवं कीर्तन मंडली के प्रमुखों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए अतिथियों ने प्रभु श्रीरामचंद्र मंदिर निर्माण के लिए शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में संयोजक अजय नायक, टीकम सिक्वा, डॉ. शेषनारायण सेन, देशराम निराला, रामेश्वर पटेल, बंशीधर नायक, रूपेश नायक, राजेश ठाकुर, केशव पटेल, केशव साहू, लोकेश नायक, हेम सागर, लक्ष्मी पटेल, निर्मला पटेल, साहेबलाल नायक, टुकलाल पटेल, नरेश शुक्ला, जागेश्वर पटेल, हीरालाल मिर्धा, मुंगेश्वर पटेल सहित प्रभु श्रीरामचंद्र सनातन चेतना संस्थान समिति ठाकुरदिया खुर्द के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# विपक्ष के पास ठोस मुद्दों का अभाव, संसद को बाधित कर जनता को भ्रमित कर रहे : रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शीतकालीन सत्र की समीक्षा करते हुए सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा दोनों ही सदनों में कांग्रेस के पास न तो तथ्य आधारित तर्क बचे हैं और न ही जनता के वास्तविक हितों से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा की इच्छाशक्ति। विपक्ष द्वारा संसद के महत्वपूर्ण सत्रों को बार–बार बाधित करना, लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत है और इससे देशहित के विधेयकों पर सार्थक विमर्श प्रभावित होता है।

सांसद चौधरी ने बताया कि ग्रामीण रोजगार के क्षेत्र में सरकार निरंतर विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा के अंतर्गत 100 दिन का कार्य उपलब्ध था, जिसे बढ़ाकर 125 दिन किए जाने की प्रक्रिया से ग्रामीण परिवारों को अतिरिक्त रोजगार और आय–सुरक्षा मिलेगी। यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि विकसित भारत के विजन से जुड़े वीबी–जीरामजी विधेयक को लेकर कांग्रेस जनता में भ्रम फैला रही है। कांग्रेस यह दुष्प्रचार कर रही है कि इस कानून से सभी निर्णय केंद्र सरकार लेगी, जबकि सच्चाई यह है कि इस विधेयक का मूल उद्देश्य ग्रामसभा और ग्राम पंचायतों को निर्णय–सक्षम बनाना है। सांसद चौधरी ने बताया कि वीबी–जीरामजी विधेयक का केंद्रीय विचार विकेंद्रीकरण, पारदर्शिता और जनभागीदारी को मजबूत करना है।



### नेतृत्व, सुरक्षा और अर्थव्यवस्था पर सरकार का स्पष्ट विजन

सांसद चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश नक्सलवाद मुक्त भारत की ओर निर्णायक कदम बढ़ा रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को हथियार–मुक्त करने के साथ–साथ उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के ठोस प्रयास किए जा रहे हैं, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के माध्यम से स्थायी शांति का आधार मजबूत हो रहा है। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि सुदृढ़ आर्थिक नीतियों, संरचनात्मक सुधारों और ग्रामीण–शहरी समावेशी विकास के बल पर भारत आने वाले समय में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि कांग्रेस आज नेतृत्वहीन, दिशाहीन और भ्रम की राजनीति में उलझी हुई है, जबकि देश को विकास, सुरक्षा और सशक्त ग्राम स्वराज की आवश्यकता है और वीबी–जीरामजी जैसे विधेयक उसी दिशा में मजबूत कदम हैं।

## कोडार एवं केशवा जलाशय से छोड़ा गया पानी, किसानों को मिलेगी राहत

**महासमुंद।** किसानों की मांग और आवश्यकताओं को देखते हुए गत दिवस कोडार जलाशय से रबी फसल के लिए खेतों में पानी देने पर निर्णय लिया गया। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की पहल पर 5 जनवरी से ही खेतों में पानी दिए जाने का निर्णय लिया गया था, जिस पर अमल करते हुए कोडार बायीं तट से पानी छोड़ा गया। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल उपयोगिता समिति विनय कुमार लंगेह ने लिए गए निर्णय अनुसार जल संसाधन के मुख्य कार्यपालन अभियंता अजय कुमार खरे को पानी छोड़ने का निर्देश दिया। रबी सिंचाई के लिए कोडार वृहद परियोजना में बांयी तट नहर प्रणाली से 13 गांवों के 1600 हेक्टेयर क्षेत्र का रकबा सिंचाई सुविधा के लिए प्रस्तावित किया गया है। इन गांवों में बंजारी, घोंघीबाहरा, बनसिवनी, कौंदकेरा, सोरिद, चोरभट्ठी, नयापारा, परसदा, बेमचा, मुस्की, कांपा, खरोरा एवं बरोंडाबाजार शामिल हैं। इसके अलावा केशवा नाला जलाशय से भी पानी छोड़ा गया है।

# भोरिंग में हुई विखं स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

**महासमुंद।** मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत भोरिंग में किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत पुरुष वर्ग में कबड्डी, दौड़ एवं गोलाफेंक तथा महिला वर्ग में रस्साकशी, दौड़ एवं गोला फेंक जैसी विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। विकासखंड के विभिन्न ग्रामों व यूथ क्लबों से आए युवाओं ने उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया।

मुख्य अतिथि लीला साहू सरपंच ग्राम पंचायत भोरिंग, वेदप्रकाश साहू पंच, सतीश कुमार, डॉ. सुनील भोई, शिक्षक परमानंद साहू, मुक्षय साहू, मेरा युवा भारत से अशोक चक्रधारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि लीला साहू सरपंच ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना, उनकी प्रतिभा को निखारना तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। मेरा युवा भारत से अशोक चक्रधारी ने कहा कि खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा आगे बढ़ने के लिए युवाओं को उचित अवसर प्रदान किए गए हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना, उनकी प्रतिभा को निखारना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग कबड्डी प्रथम महासमुंद, द्वितीय छपोराडीह, तृतीय जय मां चंडी बिरकोनी, 200 मीटर दौड़ प्रथम अक्षय विशाल भोरिंग, द्वितीय प्रकाश खैरवार कुहरी, तृतीय पूनम साहू अछोला, गोला फेंक प्रथम आशीष सोनवानी भोरिंग,दिवतिय बोधराम भोरिंग, तृतीय सूर्यकांत साहू, महिला वर्ग रस्साकशी प्रथम बेलसोंडा द्वितीय भोरिंग, तृतीय बिरकोनी युवा मंडल, 100 मीटर दौड़ प्रथम प्रांजलि साहू, द्वितीय ममता धीवर भोरिंग, तृतीय प्रियंका साहू, गोला फेंक प्रथम विजेता जोशी भोरिंग, द्वितीय मेधना चंद्राकर, तृतीय दिगेश्वरी साहू सभी विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यूथ क्लबों को टीमों को खेल सामग्री दिया गया। प्रतियोगिता में रेफरी के रूप में डॉ. सुनील भोई, डोनी रामेश्वरी दीवान, सेवन साहू अभिषेक, पाल धीवर उपस्थित रहे।



